## एक नजर में

### पीला मोजेक रोग से सोयाबीन फसल बर्बाद



**सोनकच्छ।** बुधवार को ग्राम पंचायत भागसरा के अंतर्गत आने वाले गांव भागसरा, खेरिया शाहू, रोशनाबाद और धरमपुरी में किसानों की सोयाबीन की फसल पीला मोजेक रोग से बुरी तरह प्रभावित पाई गई। अधिकांश खेतों में फसल खराब होने से किसानों में चिंता का माहौल है। पिछले दिनों किसानों ने इस समस्या को क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेश सोनकर को अवगत कराया था। जिस पर विधायक ने मंगलवार को कलेक्टर ऋतुराज सिंह से फोन पर चर्चा कर प्रभावित फसल का सर्वे करवाने की बात कही थी। कलेक्टर के निर्देश पर बुधवार को राजस्व विभाग के कर्मचारी पटवारी निर्मला मालवीय के साथ सरपंच बाबूलाल धाकड़, राय सिंह सेंधव, एलकार सिंह, राय सिंह राजपूत, तेजसिंह सेंधव और हुकम चौकीदार सहित ग्रामीण मौजूद रहे। सर्वे दल ने प्रभावित खेतों का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन किया। ग्रामीण किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द उचित मुआवजा और राहत सहायता प्रदान की जाए।

### सरकारी स्कूल की बालिकाओं को सेनेटरी पैड मशीन



**देवास ।** शहर की सामाजिक संस्था एक्ट ईव एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा अपने सामाजिक सरोकार के तहत टोंक कला के सरकारी स्कूल की बालिकाओं को आज एक सेनेटरी पैड मशीन तथा पांच सौ पेड भेंट किए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग अधिकारी श्रीमती संगीता यादव थीं। संस्था एक्ट ईव के अध्यक्ष मोहन वर्मा तथा सचिव किशोर असनानी ने बताया कि गांवों के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली बालिकाओं के बेहतर स्वास्थ्य और हायजीन प्रेक्टिस को ध्यान मे रखकर अब तक 15 से अधिक स्कूलों की बेटियों को यह सौगात दी जा चुकी है। मुख्य अतिथि श्रीमती संगीता यादव ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे बेहतर स्वास्थ्य और हायजनिक प्रेक्टिस के लिये दी गई सुविधा का लाभ लें और परिवार की अन्य महिलाओं को भी इस बारे में बताएं और समझायें।सचिव किशोर असनानी ने संस्था द्वारा चलाये जा रहे प्रकल्पों की जानकारी दी। कार्यक्रम संचालन श्रीमती हंसा चौधरी ने किया। कार्यक्रम में अशोक शर्मा, श्रीमती मनोज उपाध्याय, चंदा सोलंकी, ममता बरूआ, मंगला पाठक, रचना चौहान, अनामिका टोप्पो, रेखा परिहार, श्वेता तिवारी, रीना चौधरी, कविता मालवीय कोरी, रितिका मजूमदार, रीना सेंधव श्री आर्य तथा श्री बघेल उपस्थित थे।

### सतवास में 12 विद्यार्थियों स्कूटी प्रदान की



**सतवास।** सतवास के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को स्कूटी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल थे। इस अवसर पर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य आशा जोशी भी उपस्थित रहे। सांसद पाटिल ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा की गई घोषणा को पूरा करते हुए आज प्रदेशभर के मेधावी छात्र-छात्राओं को स्कूटी प्रदान की जा रही है। सतवास में कुल 12 विद्यार्थियों को स्कूटी दी गई। उन्होंने कहा कि यह पहल ग्रामीण और शहरी शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता बराबर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सांसद ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वे अपने माता-पिता, प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास के क्षेत्र में गांव और शहर के बीच की खाई लगातार पाटी जा रही है। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रति निधि सतनाम सिंघ बग्गा, जिला उपाध्यक्ष सोहन पटेल,मंडल अध्यक्ष राजेश मालवीया अंकित जायसवाल, कैलाश जोशीला जनपद अध्यक्ष प्रति निधि रेवाराम सारण, विनोद राठी जितेंद्र मित्तल, सुदीप शर्मा,विक्रम विष्णु प्रसाद शर्मा,सहित कई नेताकार्यकर्ता शामिल थे।

### सेवानिवृत शिक्षक का छलका दर्द

**कांटाफोड़ ।** नगर कांटाफोड़ जो की तथाकथित बुद्धिजीवियों का नगर कहा जाता है जहां प्रदेश स्तर तक के नेता रहते हैं तथा अपने बड़े नेता के आगमन पर उन्हें मनाने और स्वागत करने में कोई कसर नहीं छोड़ते। ऐसे नगर में शिक्षक दिवस की उपेक्षा हो जाती है जगह-जगह राजनीतिक मंच सजाने वाले नगर में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन नहीं होता है। यह बात नगर के दो-तीन पीढ़ियों में शिक्षा ज्ञान प्रेरणा की ज्योत जलाने वाले वरिष्ठ सेवानिवृत शिक्षक और शिक्षा अधिकारी आरसी तिवारी ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही उन्होंने कहा कि क्या नगर सिर्फ राजनीति और राजनेताओं के स्वागत सत्कार तक सीमित रह गया है विश्व गुरु की बातें करने वाले प्रबुद्धजनों को इस बात पर आत्म चिंतन करने की आवश्यकता है। सेवानिवृत शिक्षक तिवारी ने बताया कि राजनेताओं जनप्रतिनिधियों को राजनीति के अलावा सामाजिक क्षेत्र में भी नगर में कार्य करने की आवश्यकता है कहीं ना कहीं नगर कांटाफोड़ इसमें पिछड़ता जा रहा है।

### कन्या महाविद्यालय में किया गया वृक्षारोपण

**देवास।** गुरुवार 11 सितम्बर को शहर के महारानी पुष्पमाला राजे शासकीय महाविद्यालय परिसर में नगर निगम ने अमृत हरित महाअभियान



अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम 2.0 और वूमेन फॉर ट्री कार्यक्रम को सार्थक करने के लिए महाविद्यालय की छात्राओं ने वृक्षारोपण किया। नगर निगम उपायुक्त जाकिर जाफरी, प्राचार्य डाक्टर जी.डी.सोनी, प्रभारी कार्यपालन यंत्री जगदीश प्रसाद वर्मा इस अवसर पर उपस्थित थे। उपायुक्त श्री जाफरी ने बताया कि वृक्षारोपण कार्य को और अधिक तेजी से पूर्ण कर 50 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य पूर्ण करने के लिए निगम अधिकारियों लगातार कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में कार्यालय अधीक्षक अशोक देशमुख, उपयंत्री अनुभूति श्रीवास्तव, उद्यान विभाग के प्रभारी रवि पाटीदार गोपाल परमार उपस्थित थे।

# खसरा नम्बर 346 मामले में शिकायतकर्ता भी शंका के घेरे में





संतोष व्यास का निर्माणाधीन मकान जिसका निर्माण कार्य कलेक्टर के आदेश पर रोका गया

**संबंधित के पास पूरे दस्तावेज एवं कोर्ट की डिग्री**

**देवास।** सतवास नगर की शासकीय गांव गठान की भूमि सर्वे नंबर 346 पर वर्षों से चल रहा विवाद अब नया मोड़ ले चुका है। जिस जमीन पर कब्जा और अवैध निर्माण की शिकायत की गई थी, नारायण सोनी का कहना है कि शिकायतकर्ता दीपिल व्यास और उनके परिजनों के मकान जांच में अवैध पाए गए एवं दीपिल के काका संतोष पिता सालिगराम व्यास ने उसी खसरा नम्बर 346 पर बिना भवन निर्माण अनुमति के मकान निर्माण प्रारंभ कर दिया। वहीं, मेरे पास वैधानिक दस्तावेज व सिविल न्यायालय की डिग्री प्राप्त होने के बावजूद शिकायतकर्ता झूठी शिकायत कर भवन निर्माण पर अवरोध पैदा कर रहे है। राजस्व विभाग और नगर परिषद की संयुक्त जांच में यह तथ्य सामने आया कि सर्वे नंबर 346 (गांव गुठान) पर अब तक 87 भवन पाए गए है। इनमें से केवल 13 मकानों के ही पूरे दस्तावेज मिले, जिनमें नारायण सोनी का मकान एवं प्लाट भी शामिल है। इसके अलावा 17 मकान के दस्तावेज अधूरे मिले हैं, जबकि 57 मकान पूरी तरह बिना किसी दस्तावेज के पाए गए, जिनमें शिकायतकर्ता और उनके रिश्तेदारों के नाम भी शामिल हैं।

इस पूरे मामले पर कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने संज्ञान लेते हुए 20 अगस्त 2025 को इस भूमि पर निर्माण, खरीदी-बिक्री और नगर परिषद से मिलने वाली अनुमति पर रोक लगाने के आदेश जारी किए। आदेश के बाद यहां निर्माणाधीन दो मकानों का काम रोक दिया गया है।

**50-50लाख मानहानी का दावा**

एक शिकायतकर्ता पवन सोनी व उनके परिवारजनों की इसी खसरे में सबसे ज्यादा चार रजिस्ट्री पाई गई। सिविल न्यायालय में चलते प्रकरण के समय कई झूठे व गंभीर आरोप लगाए गए थे। न्यायालय में चले वाद पर अंतिम निर्णय नारायण सोनी के पक्ष में आने के बाद झूठी शिकायतकर्ता आधार सिंह कुम्हार, विजय कुमार जोशी, दीपिल व्यास, पवन सोनी पर नारायण सोनी ने 50-50 लाख रूपये के मान हानि के दावे लगाए है जो अभी न्यायालय कन्नौद में विचाराधीन है। इस संबंध में नारायण सोनी को पूर्ण भरोसा है न्यायालय का जो भी निर्णय होगा वह सर्वमान्य होगा। जांच रिपोर्ट ने यह साफ कर दिया है कि नारायण सोनी का निर्माण पूरी तरह वैध है, जबकि शिकायतकर्ता और उनके परिजनों के मकान ही अवैध निर्माण की श्रेणी में आते हैं। अब देखना यह होगा कि राजस्व विभाग और नगर परिषद इन 57 अवैध मकानों पर कब वैधानिक कार्रवाई करते हैं।

**इनका कहना है**

मेरे पास भूखंड से संबंधित सभी वैध दस्तावेज और न्यायालय से डिक्री है। दीपिल व्यास और कुछ लोगों ने द्वेषवश मेरे खिलाफ झूठी शिकायत कर मुझे परेशान करने की कोशिश की है। लेकिन मुझे प्रशासन की जांच और न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। मुझे विश्वास है कि सच्चाई सामने आने के बाद मुझे न्याय मिलेगा।

**नारायण सोनी**

कलेक्टर सा. ने 20 अगस्त 2025 को संपूर्ण खसरा नम्बर 346 के आदेश जारी किये जबकि हमारी शिकायत के अनुसार सिर्फ नारायण सोनी के प्लाट की ही जांच के आदेश देना थे।

**शिकायतकर्ता दीपिन व्यास**

शिकायतकर्ता दीपिन व्यास हमेशा झूठी शिकायत करता रहता है। जबकि इनके सगे काका संतोष व्यास ने कुछ समय पहले मेरे पड़ोस में एक प्लाट खरीदा था जिसके पीछे एक सरकारी गली थी। उन्होंने उस सरकारी गली पर भी पक्का निर्माण कर लिया। जिसकी शिकायत मेरे द्वारा एसडीएम कन्नौद को की गई। मेरी जानकारी के अनुसार नारायण सोनी का प्लाट पीढ़ियों से उनके परिवार के पास है।

**मोहनदास बैरागी**

मेरा मकान भी खसरा नम्बर 346 में है ओर नारायण सोनी का प्लाट भी 346 में ही है लेकिन मेरे मकान का निर्माण कार्य रोकना गलत है। मैने शासकीय गली पर कोई कब्जा नहीं किया है मैने पूरा प्लाट खरीदा है। मोहनदास बैरागी एवं अन्य द्वारा झूठी शिकायत की गई है।

**संतोष व्यास**

खसरा नम्बर 346 की शिकायत जांच मेरे पास आई है जिसकी जांच करना अभी शेष है मुझे स्पाट पर जाकर विजिट करना है और नारायण सोनी का पक्ष जानना बाकी है।

**संजीव जैन**
**अपर कलेक्टर**

# समय का महत्व और अनुशासन सफलता के दो स्तंभ है : सूबेदार मेजर आरिफ खान



**सेवानिवृत शिक्षकों एवं सूबेदार मेजर का किया सम्मान**

**देवास।** इनोवेटिव पब्लिक हा. से. स्कूल देवास द्वारा सेना और शिक्षा जगत के क्षेत्र से सेवानिवृत हुए सूबेदार मेजर आरिफ खान, कमल सिंह टाँक एवं आदिल पठान का अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया। संस्था के प्राचार्य सय्यद मकसूद अली ने बताया कि इस समारोह के मुख्य अतिथि अजय कुमार मिश्रा जिला परियोजना समन्वयक देवास थे, विशेष अतिथि के रूप मे के. के मिश्रा प्राचार्य ना. वि. क्र. 1 थे। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत रामेश्वर पटेल, मिर्जा मुशाहिद बैग, सय्यद मकसूद अली, चंद्रपाल सिंह सोलंकी, विनोद चौहान, संजय देवल, हेड बॉय अयान मिर्जा ने किया। इस अभिनन्दन समारोह में विद्यालय द्वारा तीनों सेवानिवृत शख्सियतों को शाल श्रीफल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अतिथि उदबोधन मे अजय कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा की आप अपने जीवन मे हर समय अनुशासित रहकर अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहें। कार्यक्रम में बच्चों के अनुशासन को देखकर विद्यालय के शैक्षणिक स्तर का पता चल रहा है। इस तरह के सम्मान समारोह विद्यार्थियों के भविष्य को दिशा देने में कारगर होते हैं।

सेना से सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर आरिफ खान ने कहा कि बच्चों आप समय के महत्व और अनुशासन से बड़ी से बड़ी सफलता हासिल कर सकते हैं। कमलसिंह टांक ने विद्यालय और विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की।

आदिल पठान ने उपस्थित विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम करते रहने और सफल होने के लिए कुछ टिप्स दिए और साथ ही समय समय पर गणित विषय के मार्गदर्शन हेतु संस्था में उपस्थित होने का वादा किया।

अतिथियों को स्मृति चिन्ह स्वरुप पौधे जमील शेख (करीम) एवं मिर्जा मुशब्बीर बैग ने भेंट किए। इस अवसर पर खेल शिक्षक सलीम शेख, श्री यादव, समाज सेवी हारिश गजधर सहित विद्यालय का स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सय्यद सदाकत अली ने किया एवं आभार मिर्जा मुशाहिद बैग ने माना।

## प्रतिभाशाली छात्रा को सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर मिली स्कूटी



**भौरासा।** भौरसा शासकीय कन्या उ,मा , विद्यालय में गुरुवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शा, कन्या ,उ,मा, विद्यालय भौरसा की कक्षा बारहवीं मे सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्रा कु नगीना पिता धर्मेंद्र यादव प्रतिभाशाली छात्रा को नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, पार्षद सचिन यादव, ने मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के तहत स्कूटी वितरित कीं कक्षा 12 वीं में शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कु नगीना यादव को मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार स्कूटी प्रदान की गई नगर परिषद अध्यक्ष जोशी ने कहा कि इस तरह के पुरस्कार छात्र-छात्राओं में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देते हैं। इससे वे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होते हैं, वही कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्य नीता शर्मा ने बताया कि विद्यालय मैं 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर कुल 10 छात्राओं को लैपटॉप हेतु 25 हजार रुपए नगद प्रोत्साहन राशि मुख्यमंत्री द्वारा दी गई है इसमें हमारे विद्यालय से नगीना पिता धर्मेंद्र यादव, हर्षिता पिता विनोद राठौड़, सोना पिता प्रमोद यादव, पदमा पिता जीवन सिंह यादव, अंशिका पिता ओमप्रकाश ठाकुर, जागृति पिता संतोष यादव,तनस पिता नौशाद खान, अनुष्का पिता कमल सेंधव, करुणा पिता हुकम सिंह गुर्जर, तनीषा पिता पोप सिंह नागर , सहित आदि छात्रों को प्रोत्साहन राशि दी गई वही बताया कि विद्यालय का कक्षा दसवीं का इस बार का परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत रहा वही कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा जो हमारे नगर के लिए गौरव की बात है वही इस अवसर पर समस्त स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

## कन्या महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**प्रतिदिन मानसिक अस्वस्थता के कारण 468 आत्महत्या होती है**



**देवास।** महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास में दिनांक 10 सितंबर 2025 को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत रिबन क्लब एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ जीडी सोनी के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती सोनी धारवा एवं अनिल धारवा (समाज सेवक एवं पत्रकार) रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलंन कर माल्यार्पण से हुआ मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्राचार्य का स्वागत एनएसएस की छात्राओं सुशीला एवं प्रीतम द्वारा एनएसएस बैच से किया गया। श्रीमती सोनी धारवा होम अगेन प्रोजेक्ट (मानसिक अस्वस्थ महिलाओं के लिए) ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान की काउंसलर एवं प्रबंधक है साथ ही वरेण्यम समाज कल्याण समिति की सचिव है जो बिरला एजुकेशन ट्रस्ट की एक पहल द एम पावर प्रोजेक्ट को क्रियान्वित करने वाला एक एनजीओ है जिसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मिथक को कम करना है। मुख्य अतिथि सोनी धारवा ने मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से सभी को अवगत कराते हुए मिथक को कम करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा एक वीडियो कार्टून के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति को बताते हुए कहा कि व्यक्ति के आसपास का वातावरण, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक एवं जैविक कारणो से मानसिक स्वास्थ्य रोग होता है मानसिक रोगों के लक्षणों को पहचान कर मनोचिकित्सा द्वारा उपयुक्त इलाज एवं परामर्श से मानसिक रोगों का उपचार किया जा सकता है साथ ही उन्होंने एक निशुल्क टोल फ्री नंबर 18 00 12 08 200 5 0 की जानकारी दी इस नंबर पर मानसिक या भावनात्मक समस्या होने पर 24 7 बात की जा सकती है व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाती है। अनिल धारवा ने कहा कि नेशनल रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार प्रतिदिन मानसिक अस्वस्थता के कारण 468 आत्महत्या होती है वही मध्य प्रदेश में प्रतिदिन 42 लोग आत्महत्या करते हैं जो की चिंता का विषय है। प्राचार्य डॉक्टर जीडी सोनी ने अपने उद्बोधन में अपने मन की बात खुलकर कहने सकारात्मक रहने तथा अपने काम एवं जीवन में संतुलन बनाए रखने के लिए कहा । एनएसएस अधिकारी डॉ क्रांतदर्शी सिंदल ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की इस वर्ष की थीम चेंजिंग द नेरेटिव ऑन सुसाइड से अवगत कराया जो आत्महत्या और इसकी वजहो के बारे में खुलकर बात करने को प्रोत्साहित करती है ताकि इसके मामलों को कम किया जा सके। पूर्व एनएसएस अधिकारी डॉ अनीता भाना ने कहा शारीरिक गतिविधि और स्वस्थ जीवन शैली को अपनाकर मानसिक स्वास्थ्य में सुधार किया जा सकता है यह हेल्दी डाइट,पोषण, योग एवं व्यायाम से किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ क्रांतदर्शी सिंदल ने किया एवं आभार प्रदर्शन प्रो अंकित सक्सेना ने माना। कार्यक्रम में डॉ चारुशीला भोसले, डॉ उज्ज्वला बाबर, डॉ लोकेश जारवल, डॉ प्रीति तगाया, डॉ दीपांविता गांगुली, डॉ राहुल कौशल, डॉ विजय सिंह चौहान, प्रो वर्षा जयसवाल, प्रो अंजली वर्मा, समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

## गाजरा गियर्स प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य गेट पर मजदूर सभा का आयोजन

**देवास।** भारतीय मजदूर संघ इंजीयिरिंग श्रमिक संगठन महामंत्री महेन्द्रसिंह परिहार, संयुक्त मोर्चा इंटक लखनसिंह ठाकुर ने बताया कि गाजरा गियर्स प्रायवेट लिमिटेड के मुख्य गेट पर मजदूरों की सभा हुई। गाजरा गियर्स प्रा.लि. प्रबंधन द्वारा श्रमिकों के विरूद्ध कार्य किये जा रहे है। जिसके विरोध में गाजरा गियर्स प्रायवेट लिमिटेड के मुख्य गेट पर 11 सितम्बर को दोपहर 3.30बजे तक मजदूरों की सभा में मध्यप्रदेश कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ के प्रदेश महामंत्री लोकेश विजयवर्गीय ने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि पिछले दो वर्षो में करीब 250 श्रमिकों पर प्रभाव एवं दबाव से डरा धमकाकर जबरजस्ती सेवा मुक्त कर दिया गया।

श्रमिकों के वेतन वृद्धि समझौता 1 जनवरी 2023 से नहीं दिया जा रहा है एवं औद्योगिक न्यायाधिकरण के समझौता संबंधित आदेश का पालन भी नहीं कियाा जा रहा हैं गाजरा गियर्स प्रबंधन द्वारा संस्थान की मशीनों को बिना श्रमिकों एवं युनियन को सूचना दिये अवेध रूप से अन्य संस्थान में भेजा जा रहा है जो कि अनुचित हैं विगत दो वर्षो से मजदूरों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं जैसे मेडिक्लेम नहीं दिया जा रहा है। संस्थान एवं इसमें कार्य करने वाले लगभग 1500 श्रमिक एवं उनके परिवार को बेरोजगारी से बचाने के लिये संस्थान के मुख्य गेट पर मजदूरों की सभा में भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष धनंजय गायकवाड़, विभाग प्रमुख अजय उपाध्याय, पूर्व प्रदेश महामंत्री लक्ष्मीनारायण मारू पूर्व जिला मंत्री रामभान ने सम्बोधित किया। इस मौके सेकड़ो श्रमिक उपस्थित रहे । संचालन महेन्द्रसिंह परिहार ने किया। आभार लाखन सिंह ठाकुर ने माना।

### संबल योजना राशि का वितरण

**देवास।** निगम सीमा क्षेत्र के मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल-2 के हितग्राहियों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा 9 सितम्बर मंगलवार को भोपाल से सिंगल क्लीक के माध्यम से बीपीटी से खातों मे राशि हस्तांतरित की गई। नगर निगम बैठक हाल मे मुख्यमंत्री के वर्चुअल कार्यक्रम को हितग्राहियों द्वारा भाग लिया गया।

**एक नजर** महापौर ने ली अधिकारियों की विशेष बैठक

## नवरात्रि पर श्रद्धालुओं का स्वागत करने को तैयार देवास, महापौर ने व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के निर्देश दिए



**देवास।** शारदीय नवरात्रि पर्व नजदीक आते ही माता टेकरी पर लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने वाली है। ऐसे में नगर निगम ने संपूर्ण व्यवस्थाओं को लेकर कमर कस ली है। महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने गुरुवार को निगम सभाकक्ष में अधिकारियों की विशेष बैठक लेकर स्पष्ट शब्दों में कहा, कि श्रद्धालुओं की सुविधा से बड़ा कोई काम नहीं है। व्यवस्थाएं ऐसी हों कि देवास आने वाला हर श्रद्धालु सुखद अनुभव लेकर लौटे। नवरात्रि के दौरान टेकरी क्षेत्र में सफाई, पेयजल और सुरक्षा व्यवस्थाओं को चौबीस घंटे बनाए रखने के लिए निगम कर्मचारियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई जाएगी। निगम आयुक्त रजनीश कसेरा ने बताया कि टेकरी परिसर में हर समय कचरा संग्रहण वाहन और फायर सेफ्टी वाहन मौजूद रहेंगे। विशेष रूप से निर्देश दिए गए कि कचरा तभी उठाया जाए, जब भीड़ कम हो, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निगम द्वारा टेकरी पर कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जाएगा। यहां से सफाई, प्रकाश, पेयजल और भीड़ प्रबंधन की सतत मॉनीटरिंग होगी। कर्मचारी किसी भी समस्या पर तुरंत प्रतिक्रिया देंगे। महापौर ने कहा कि यह कंट्रोल रूम नवरात्रि में निगम का कमांड सेंटर बनेगा। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि टेकरी और शहर की लाइटिंग व्यवस्था नवरात्रि से दो दिन पहले पूरी हो जानी चाहिए। विशेष रूप से टेकरी मार्ग और मुख्य चौराहों पर लाल और भगवा रंग की लाइटिंग लगाई जाए। साथ ही, शहर के प्रमुख स्थलों पर भगवा पताका लगाकर आकर्षक सजावट की जाए। टेकरी और पहुंच मार्ग पर श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था होगी। भंडारों के आसपास सफाई पर खास ध्यान दिया जाएगा। महापौर ने कहा कि भंडारे भक्तिभाव का केंद्र होते हैं, इसलिए सफाई व्यवस्था सर्वोच्च स्तर की होनी चाहिए। टेकरी पर आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग बड़ी चुनौती रहती है। जरूरत पड़ने पर जिला शिक्षा कार्यालय और निगम कार्यालय परिसर पार्किंग स्थल के रूप में उपयोग किए जाएंगे। साथ ही, जहां आवश्यक हो, वहां बेरिकेडिंग और यातायात नियंत्रण के लिए लोक निर्माण विभाग से तालमेल बनाने को कहा। नवरात्रि से पूर्व शहर की सड़कों को दुरुस्त किया जाएगा। बारिश के कारण उखड़ी सड़कों का पेचवर्क किया जाएगा। अमृत-2 योजना के तहत खोदी गई सड़कों का मरम्मत कार्य भी 20 सितंबर तक पूरा करने के निर्देश महापौर ने दिए। महापौर ने कहा, कि नवरात्रि केवल टेकरी तक सीमित नहीं है। शहर में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं और मंदिरों के आसपास भी सफाई और सजावट की जाए। कैलादेवी मंदिर क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था और अस्थायी अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। महापौर ने नवरात्रि में आयोजित होने वाले भंडारों में प्लास्टिक, अमानक पॉलीथिन और डिस्पोजल सामग्री के उपयोग न करने की बात कही। उन्होंने कहा कि आयोजकों को इसके लिए प्रेरित किया जाए, ताकि स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल वातावरण तैयार किया जा सके। साथ ही स्वीपिंग मशीन से धूल-मिट्टी की सफाई प्रतिदिन कराने के निर्देश भी दिए। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने कहा माता टेकरी पर पूरे देश से लोग दर्शन के लिए आते हैं। हमारी जिम्मेदारी है कि यहां आने वाला हर श्रद्धालु यह महसूस करे कि देवास में उसकी पूरी देखभाल हो रही है। इस अवसर पर विधायक व महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, जाकिर जाफरी, आरती खेड़ेकर, उपायुक्त वित्त दीपक पटेल, प्रभारी कार्यपालन यंत्री जगदीश वर्मा, सहायक यंत्री इंदुप्रभा भारती, सौरभ त्रिपाठी, दिनेश चौहान, स्वास्थ्य अधिकारी जितेंद्र सिसौदिया, लेखा अधिकारी दिलीप गर्ग, उपयंत्री विजय जाधव, सूर्यप्रकाश तिवारी, स्वास्थ्य निरीक्षक हरेंद्रसिंह ठाकुर, भूषण पंवार, हेमंत उबनारे, रवि गोयनार, विशाल जगताप उपस्थित थे।